संख्या-11/251/63-व0उ0-2015-145(एच)/11

प्रेषक,

राज बहादुर,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊ : दिनांक 02 जून, 2015**

विषय:- कनिष्ठ सहायक के सृजित 11 अस्थायी पदों की निरन्तरता बढाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1103/ह0क0-अधि0-4/2014-15, दिनांक 24.02.2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-245/63-व0उ0-2010-आर.1728/09, दिनांक 02.02.2010 के द्वारा समीक्षक वस्त्र (वेतनमान रू0 5200-20200 ग्रेड वेतन वेतन रू0 1900) के 12 पदों को समाप्त करते हुए कनिष्ठ लिपिक (वेतनमान रू0 5200-20200 ग्रेड वेतन वेतन रू0 1900) के 12 अस्थायी संवर्गीय पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। उक्त पदों का सृजन जिन परिस्थितियों में किया गया था, वे परिस्थितियाँ अब भी विद्यमान हैं। उक्त पदों की निरन्तरता अन्तिम बार शासनादेश संख्या-357/63-व0उ0-2014-145(एच)/11, दिनांक 28.02.2014 के द्वारा दिनांक 28.02.2015 तक विस्तारित की गयी थी। उक्त 12 पदों पर कार्यरत सीमेंट कारपोरेशन के छंटनीशुदा कर्मचारियों में एक श्री चन्द्रशेखर सरन सेवानिवृत्त हो गये हैं। इस प्रकार वर्तमान में उक्त स्वीकृत पदों के विपरीत कुल 11 कनिष्ठ सहायक ही कार्यरत हैं।

2- अत: श्री राज्यपाल महोदय कनिष्ठ सहायक (जिनका ग्रेड वेतन रू0 1900/- से उच्चीकृत होकर रू0 2000/- हो गया है), वेतनमान रू0 5200-20200 ग्रेड वेतन रू0 2000/- के उक्त 11 अस्थायी संवर्गीय पदों को दिनांक 28.02.2016 तक चलते रहने की सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते हैं कि इन पदों को बिना किसी पूर्व सूचना के उक्त तिथि से पूर्व भी समाप्त किया जा सकता है।

भवदीय,

राज बहादुर
अनु सचिव।

संख्या-251(1)/63-व0उ0-2015-145(एच)/11, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, प्रथम एवं द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-6/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
3- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

राज बहादुर
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in